मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 20/12/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 614/2025
20 दिसंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==============================

● **मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से "फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज" के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात।**
==============================

● **मुख्यमंत्री ने कहा — राज्य सरकार औद्योगिक विकास के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध, उद्योग जगत राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़, सरकार व्यवसाय के अनुकूल वातावरण सृजित करने हेतु निरंतर प्रयासरत।**
==============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में "फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज" के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में औद्योगिक विकास, नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा औद्योगिक इकाइयों से संबंधित विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री के साथ विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को उद्योग जगत के समक्ष उत्पन्न हो रही व्यवहारिक चुनौतियों एवं उनके संभावित समाधानों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि

उद्योग क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और "फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज" की भूमिका राज्य के आर्थिक सशक्तिकरण में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों और सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में व्यवसाय के वातावरण को और अधिक सरल एवं अनुकूल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि निवेश और रोजगार के अवसरों का विस्तार हो सके।

इस अवसर पर "फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज" के अध्यक्ष श्री आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष श्री राम बांगड़, महासचिव श्री रोहित अग्रवाल, सह सचिव श्री नवजोत अलंग, सह सचिव श्री रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल तथा कार्यकारिणी सदस्य श्री मुकेश अग्रवाल, श्री मनीष श्राफ एवं डॉ. अभिषेक रामाधीन उपस्थित थे।

==========================

#Team PRD(CMO)